दिन—शनिवार                                                                 दिनांक— 15 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से।                                                   अवधिः— 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार गठन को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही सरकार गठन से संबंधित सभी पहलुओं को अंतिम रूप दे देगा। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में सब कुछ तय हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए राज्य के सभी जिलों में कल धन्यवाद मार्च निकालेगी। सरकार गठन की प्रक्रिया के बारे में श्री जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले एनडीए के सभी घटक दल अपने विधायकों की बैठकों में नेताओं का चयन करेंगे। उसके बाद गठबंधन की एक संयुक्त बैठक में एनडीए के नेता का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित कार्यक्रम और विवरण पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व घोषित करेगा।

इधर, आज लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर जाकर मुलाकात की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सभी दलों के बीच आपसी तालतेल के चलते एनडीए को ऐतिहासिक जीत मिली है। इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आज मुलाकात की।

————————————————————

विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एन.डी.ए. ने 202 सीट जीतकर भारी बहुमत हासिल कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल यूनाइटेड, जदयू ने 85 सीट जीती हैं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को 19 सीट मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर ने पाँच सीट, जबकि उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीटें हासिल की है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला महागठबंधन 35 सीटों पर ही सिमट गया। इनमें राजद को 25 जबकि कांग्रेस को छह सीट मिली है। वहीं, भाकपा—माले को दो सीट और माकपा तथा इंडियन इंक्लूसिव पार्टी को एक—एक सीट मिली है। इसके अलावा ए.आई.एम.आई.एम. ने पाँच सीट और बहुजन समाज पार्टी ने एक सीट जीती है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का

चुनाव में खाता भी नहीं खुल सका। पार्टी के अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी।

———————————————————

विधानसभा चुनाव में नीतीश कैबिनेट के उनतीस मंत्रियों में से अट्ठाईस को जीत मिली है। एक मात्र मंत्री सुमित सिंह को चकाई विधानसभा क्षेत्र से राजद की सावित्री देवी से हार का सामना करना पड़ा है। जीत हासिल करने वाले मंत्रियों में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ साथ भाजपा कोटे के मंत्री मंगल पांडेय, नितिन नवीन, संजय सरावगी, केदार प्रसाद गुप्ता, राजू कुमार सिंह और सुरेन्द्र मेहता शामिल हैं। इसके अलावा प्रेम कुमार, नीतीश मिश्रा, नीरज सिंह बबलू, जीवेश मिश्रा, डॉक्टर सुनील कुमार, विजय मंडल, रेणु देवी, कृष्ण कुमार मंटू और कृष्णनंदन पासवान को भी जीत मिली है। इधर, जदयू कोटे के मंत्री श्रवण कुमार, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, विजय कुमार चौधरी और शीला कुमारी ने जीत हासिल की हैं। बिजेन्द्र प्रसाद यादव, रत्नेश सादा, जमा खान, जयंत राज, मदन सहनी और लेसी सिंह चुनाव जीती हैं।

———————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के मोतिपुर के वार्ड संख्या तेरह स्थित एक घर में आग लग जाने से परिवार के पांच लोगों की झुलस कर मौत हो गयी। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, हादसे में पांच अन्य झुलस गये, जिनकी स्थिति गम्भीर बतायी जाती है। पुलिस उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है। घटना की जांच की जा रही है।

———————————————————

राष्ट्र आज स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पटना के सचिवालय भवन के पास स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।